मेट्रो के स्मार्ट कार्ड से सिटी बस में भी कर सकेंगे सफर

अमर उजाला ब्यूरो

एनएमआरसी की योजना का चल रहा ट्रायल, इसी माह से लागू होगी व्यवस्था, यात्रियों को होगी सुविधा

नोएडा। एनएमआरसी ने स्मार्ट कार्ड का लाभ मेट्रो के अलावा सिटी बस में भी दिलाने की योजना बनाई थी। लेकिन अभी इसका लाभ सिटी बस में नहीं मिल रहा है। इसी माह से यह व्यवस्था शुरू हो जाएगी। फिलहाल सिटी बस में स्मार्ट कार्ड का ट्रायल चल रहा है। कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि ट्रायल का मकसद इस सेवा में किसी तरह की चूक नहीं होने देना है ताकि लोगों को इसका फायदा मिल सके। जैसे ही ट्रायल का काम पूरा होता है वैसे ही स्मार्ट कार्ड की सेवा मेट्रो के साथ-साथ सिटी बस में भी ली जा सकेगी।

सिटी बसों का राजस्व बढ़ा

एनएमआरसी के सिटी बसों का राजस्व थोड़ा बढ़ा है। लेकिन इतना नहीं कि इससे पूरी हानि रिकवर हो सके। अधिकारियों के मुताबिक सिटी बसों के इतिहास में 2 जून को सबसे अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई। इस दिन सिटी बस में 11,797 यात्रियों ने सफर किया। जिससे 4.30 लाख की आय हुई। इससे पहले रोजाना औसतन 10 हजार यात्री और चार लाख रुपये राजस्व प्राप्त होने का आंकड़ा बना था। हालांकि एनएमआरसी की सिटी बस सेवा ओवर ऑल नुकसान में है। इस सेवा को प्रति माह तीन से 3.5 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

हेल्पलाइन नंबर से मिलेगा यात्रियों को लाभ : सिटी बस के यात्रियों को किराये की सूची बस में उपलब्ध होगी। साथ ही उनके लिए 18001800555 हेल्पलाइन नंबर और 9868394969 का व्हाट्सऐप नंबर उपलब्ध कराया गया है। इन नंबरों पर यात्री अपनी परेशानी बता सकते हैं और सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।